मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रॉंची,दिनांक–9.05.2020

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति- 414/2020

09 मई 2020

मुख्यमंत्री आवास,रांची

=========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर एंड माइनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन श्री टी श्रीनिवास राव ने मिलकर कोरोना वायरस (कोविड-19) से निपटने हेतू एक लाख वासेबल एंड री-यूज मास्क राज्य सरकार को सहयोग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण से उत्पन्न संकट की इस घड़ी में सभी लोग एकजुट होकर वैश्विक महामारी में आपसी सहयोग और सद्भाव से अपनी भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस से निपटने में स्वयंसेवी संस्थानों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कोरोना वायरस से इस लड़ाई को हम सब मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे। मौके पर मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर एंड माइनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन श्री टी श्रीनिवास राव ने कोविड-19 संक्रमण से बचाव को लेकर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मैत्री इंफ्रास्ट्रक्चर एंड माइनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री जी श्रीनिवास राव, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री जे सतीश एवं अन्य उपस्थित थे।

###

======================

#Team PRD(CMO)